**Series SOS**

Code No. **67/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# ACCOUNTANCY
# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains three parts A, B and C.*

*(ii)* *Part A is* ***compulsory*** *for all candidates.*

*(iii)* *Candidates can attempt only* ***one*** *part of the remaining parts B and C.*

*(iv)* *All parts of the questions should be attempted at one place.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

*(ii)* *भाग क सभी छात्रों के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *परीक्षार्थियों को शेष भाग ख और ग में से कोई* ***एक*** *भाग हल करना है ।*

*(iv)* *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

## PART A
## (Accounting for Not-for-Profit Organisations, Partnership Firms and Companies)

## भाग क
## (अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** What is the basis for preparing Receipt and Payment Account ? *1*

प्राप्ति तथा भुगतान खाता बनाने का क्या आधार है ?

**2.** Give the average period in months for charging interest on drawings for the same amount withdrawn at the beginning of each quarter. *1*

जब समान धनराशि प्रत्येक तिमाही के प्रारम्भ में आहरित की जाती है तो आहरित राशि पर ब्याज के परिकलन के लिए उपयोग में लाई जाने वाली औसत अवधि को महीनों में बताइए ।

**3.** State the meaning of sacrificing ratio. *1*

त्याग अनुपात का अर्थ बताइए ।

**4.** How does the nature of business affect the value of goodwill of a firm ? *1*

व्यवसाय की प्रकृति फर्म की ख्याति के मूल्य को किस प्रकार प्रभावित करती है ?

**5.** Give the meaning of 'Issue of Debentures as a collateral security'. *1*

'एक संपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों' का अर्थ बताइए ।

6. From the following information of a club, show the amounts of Prize awarded & Prize Fund in the Financial Statements of the club for the year ended on 31st March 2009 and 31st March 2010 : 3

| *Details* | ₹ |
|---|---|
| Prize Fund as on 1.4.2009 | 20,000 |
| Prize Fund donations received during the year 2009 – 2010 | 40,000 |
| Prizes awarded during the year 2009 – 2010 | 69,000 |

निम्नलिखित सूचना से एक क्लब के 31 मार्च 2009 तथा 31 मार्च 2010 को समाप्त होने वाले वर्षों की पुरस्कार वितरण व्यय तथा पुरस्कार कोष की राशि को वित्तीय विवरणों में दर्शाइए :

| *विवरण* | ₹ |
|---|---|
| 1.4.2009 को पुरस्कार निधि | 20,000 |
| वर्ष 2009 – 2010 में पुरस्कार निधि दान प्राप्त हुआ | 40,000 |
| वर्ष 2009 – 2010 में दिए गए पुरस्कार | 69,000 |

7. Goodluck Ltd. purchased machinery costing ₹ 10,00,000 from Fair Deals Ltd. The company paid the price by issue of Equity shares of ₹ 10 each at a premium of 25%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Goodluck Ltd. 3

गुडलक लि. ने फेयर डील्स लि. से ₹ 10,00,000 मूल्य की मशीनरी का क्रय किया । कम्पनी ने मूल्य का भुगतान ₹ 10 वाले समता अंशों के निर्गमन द्वारा किया जिन्हें 25% के प्रीमियम पर निर्गमित किया गया ।

गुडलक लि. की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

8. X Ltd. redeemed 1000, 6% Debentures of ₹ 100 each by converting them into Equity shares of ₹ 100 each. The 6% Debentures were redeemable at a premium of 5% for which the Equity shares were issued at a premium of 25%. Pass the necessary journal entries for the redemption of the above mentioned Debentures in the books of X Ltd. 3

एक्स लि. ने ₹ 100 प्रत्येक के 1000, 6% ऋणपत्रों का शोधन ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया । 6% ऋणपत्रों का शोधन 5% के प्रीमियम पर करना था, जिसके लिए समता अंशों का निर्गमन 25% के प्रीमियम पर किया गया । उपर्युक्त ऋणपत्रों के शोधन के लिए एक्स लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

9. A and B entered into partnership on 1st April 2009 without any partnership deed. They introduced capitals of ₹ 5,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. On 31st October 2009, A advanced ₹ 2,00,000 by way of loan to the firm without any agreement as to interest.

The Profit and Loss Account for the year ended 31.3.2010 showed a profit of ₹ 4,30,000, but the partners could not agree upon the amount of interest on loan to be charged and the basis of division of profits. Pass a journal entry for the distribution of the profit between the partners and prepare the Capital A/cs of both the partners and Loan A/c of 'A'. *4*

1.4.2009 को क तथा ख ने एक साझेदारी फर्म का निर्माण बिना किसी साझेदारी संलेख के किया । उन्होंने क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 3,00,000 की पूँजी लगाई । 31.10.2009 को क ने फर्म को ब्याज के किसी समझौते के बिना ऋण के रूप में ₹ 2,00,000 अग्रिम दिए ।

31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म के लाभ-हानि खाते ने ₹ 4,30,000 का लाभ दर्शाया, परन्तु साझेदार ऋण पर लगने वाले ब्याज तथा लाभ विभाजन के किसी भी आधार पर सहमत नहीं हुए । साझेदारों में उनके लाभ विभाजन के लिए एक रोज़नामचा प्रविष्टि करते हुए, दोनों साझेदारों के पूँजी खाते तथा 'क' का ऋण खाता तैयार कीजिए ।

10. A partnership firm earned net profits during the last three years as follows :

| Years | Net profit ₹ |
|---|---|
| 2007 – 2008 | 1,90,000 |
| 2008 – 2009 | 2,20,000 |
| 2009 – 2010 | 2,50,000 |

The capital employed in the firm throughout the above mentioned period has been ₹ 4,00,000. Having regard to the risk involved, 15% is considered to be a fair return on the capital. The remuneration of all the partners during this period is estimated to be ₹ 1,00,000 per annum.

Calculate the value of goodwill on the basis of (i) two year's purchase of super profits earned on average basis during the above mentioned three years and (ii) by capitalisation method. *4*

एक साझेदारी फर्म ने पिछले तीन वर्षों में निम्न शुद्ध लाभ अर्जित किए :

| वर्ष | शुद्ध लाभ ₹ |
|---|---|
| 2007 – 2008 | 1,90,000 |
| 2008 – 2009 | 2,20,000 |
| 2009 – 2010 | 2,50,000 |

उपर्युक्त बताए गए समय में फर्म में निवेशित पूँजी ₹ 4,00,000 थी । जोखिम को ध्यान में रखते हुए पूँजी पर 15% प्रतिलाभ को उचित माना जाता है । इस अवधि में सभी साझेदारों का पारिश्रमिक ₹ 1,00,000 प्रति वर्ष आँका गया ।

ख्याति के मान की गणना कीजिए (i) उपर्युक्त उल्लिखित तीन वर्षों में अर्जित किए गए औसत अतिलाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर तथा (ii) पूँजीकरण विधि द्वारा ।

11. Pass the necessary journal entries for the issue and redemption of Debentures in the following cases : 4

(i) 15,000, 9% Debentures of ₹ 250 each issued at 5% premium, repayable at 15% premium.

(ii) 2,00,000, 12% Debentures of ₹ 10 each issued at 8% premium, repayable at par.

निम्नलिखित ऋणपत्रों के निर्गमन एवं शोधन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 15,000, 9% ऋणपत्र ₹ 250 प्रत्येक का निर्गमन 5% प्रीमियम पर हुआ, जो 15% प्रीमियम पर प्रतिदेय थे ।

(ii) 2,00,000, 12% ऋणपत्र ₹ 10 प्रत्येक का निर्गमन 8% प्रीमियम पर हुआ, जो सममूल्य पर प्रतिदेय थे ।

12. From the following items of Receipt & Payment A/c of South India Club, prepare an Income and Expenditure Account for the year ended 31.3.2010 : 6

| | ₹ |
|---|---|
| Salaries paid | 55,000 |
| Lighting expenses | 5,500 |
| Stationery (including ₹ 400 for the previous year) | 4,000 |
| Subscriptions received (including ₹ 1,000 received in advance and ₹ 750 for the previous year) | 44,000 |
| Net proceeds of Refreshment Room | 30,000 |
| Miscellaneous Expenses | 3,000 |
| Interest paid on loan for three months | 1,200 |
| Rent and Rates (including ₹ 500 pre-paid) | 4,500 |
| Lockers Rent received | 4,900 |

*Additional Information* :

Subscriptions in arrears on 31.3.2010 were ₹ 4,700 and nine months interest on loan was also outstanding.

साउथ इंडिया क्लब के निम्नलिखित प्राप्ति एवं भुगतान खाते की मदों से 31.3.2010 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| वेतन भुगतान | 55,000 |
| प्रकाश व्यय | 5,500 |
| स्टेशनरी (₹ 400 पिछले वर्ष के लिए सम्मिलित) | 4,000 |
| चन्दा प्राप्त (₹ 1,000 अग्रिम तथा ₹ 750 पिछले वर्ष के लिए सम्मिलित) | 44,000 |
| जलपान गृह से शुद्ध प्राप्ति | 30,000 |
| विविध व्यय | 3,000 |
| ऋण पर तीन माह का ब्याज दिया | 1,200 |
| किराया तथा दरें (₹ 500 अग्रिम भुगतान सहित) | 4,500 |
| लॉकर किराया प्राप्ति | 4,900 |

*अतिरिक्त सूचना :*

31.3.2010 को अप्राप्त चन्दा ₹ 4,700 था तथा ऋण पर 9 माह का ब्याज भी देय था ।

**13.** Pass the necessary journal entries for the following transactions on the dissolution of the firm of James and Haider who were sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. The various assets (other than cash) and outside liabilities have been transferred to Realisation Account : *6*

(i) James agreed to pay off his brother's loan ₹ 10,000.

(ii) Debtors realised ₹ 12,000.

(iii) Haider took over all investments at ₹ 12,000.

(iv) Sundry creditors ₹ 20,000 were paid at 5% discount.

(v) Realisation expenses amounted to ₹ 2,000.

(vi) Loss on realisation was ₹ 10,200.

विविध सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को वसूली खाते में स्थानान्तरित करने के पश्चात् जेम्स तथा हैदर जो लाभ-हानि को 2 : 1 के अनुपात में बाँटते थे, की फर्म के समापन में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) जेम्स ने अपने भाई का ऋण ₹ 10,000 भुगतान करने की सहमति दी ।

(ii) देनदारों से ₹ 12,000 प्राप्त हुए ।

(iii) हैदर ने सभी निवेश ₹ 12,000 में ले लिए ।

(iv) विविध लेनदारों के ₹ 20,000 को 5% के बट्टे पर भुगतान किया गया ।

(v) वसूली व्यय ₹ 2,000 थे ।

(vi) वसूली पर हानि ₹ 10,200 थी ।

14. On 1.1.2007 a Public Limited Company issued 15,000, 10% Debentures of ₹ 100 each at par which were repayable at a Premium of 15% on 31.12.2011. On the date of maturity, the company decided to redeem the above mentioned 10% Debentures as per the terms of issue, out of profits. The Profit & Loss A/c shows a credit balance of ₹ 20,00,000 on this date. The offer was accepted by all the Debenture-holders and all the Debentures were redeemed.

Pass the necessary journal entries in the books of the Company only for the redemption of Debentures, if the Company follows Sec. 117 C of the Companies Act. *6*

1.1.2007 को एक सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी ने 15,000, 10% ऋणपत्रों का जो ₹ 100 प्रत्येक के थे, का निर्गमन सममूल्य पर किया, जिनका शोधन 31.12.2011 को 15% प्रीमियम पर होना था । शोधन तिथि की परिपक्वता पर कम्पनी ने उपर्युक्त 10% ऋणपत्रों का निर्गमन की शर्तों के अनुसार लाभों में से शोधन करने का निर्णय लिया । उस दिन कम्पनी के लाभ-हानि खाते में जमा शेष ₹ 20,00,000 था । प्रस्ताव को सभी ऋणपत्र-धारियों ने स्वीकार कर लिया तथा सभी ऋणपत्रों का शोधन कर दिया गया ।

कम्पनी की पुस्तकों में केवल ऋणपत्रों के शोधन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए, यदि कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम की धारा 117 सी का अनुकरण किया जाता है ।

15. Dinesh Ltd. invited applications for issuing 10,000 Equity shares of ₹ 10 each. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 1

On Allotment ₹ 2

On First Call ₹ 3

On Second and Final Call — Balance

The issue was fully subscribed. Ram to whom 100 shares were allotted, failed to pay the allotment money and his shares were forfeited immediately after allotment. Shyam to whom 150 shares

were allotted, failed to pay the first call. His shares were also forfeited after the first call. Afterwards the second and final call was made. Mohan to whom 50 shares were allotted failed to pay the second and final call. His shares were also forfeited. All the forfeited shares were re-issued at ₹ 9 per share fully paid up. Pass necessary journal entries in the books of Dinesh Ltd. 8

**OR**

Moti Ltd. invited applications for issuing 10,00,000 Equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share. The amount was payable as follows :

On Application ₹ 5 (including premium)

On Allotment ₹ 4

On First and Final Call ₹ 3

Applications for 15,00,000 shares were received. Applications for 3,00,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Excess application money was utilized towards sums due on allotment. Giri who had applied for 24,000 shares failed to pay the allotment and call money. His shares were forfeited. Out of the forfeited shares 10,000 shares were reissued for ₹ 8 per share fully paid up. Pass necessary journal entries in the books of Moti Ltd.

दिनेश लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 10,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर ₹ 1

आबंटन पर ₹ 2

प्रथम याचना पर ₹ 3

दूसरी तथा अन्तिम याचना पर — शेष

सभी अंशों के लिए अभिदान प्राप्त हुआ । राम जिसे 100 अंशों का आबंटन किया गया था, ने आबंटन राशि का भुगतान नहीं किया तथा उसके अंशों को आबंटन के तुरन्त बाद ज़ब्त कर लिया गया । श्याम जिसे 150 अंशों का आबंटन किया गया था, ने प्रथम याचना का भुगतान नहीं किया । प्रथम याचना के पश्चात् उसके अंशों को भी ज़ब्त कर लिया गया । तत्पश्चात् दूसरी तथा अन्तिम याचना माँगी गई । मोहन जिसे 50 अंशों का आबंटन किया गया था, ने दूसरी तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों को भी ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए सभी अंशों को ₹ 9 प्रति अंश पर पूर्ण-प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । दिनेश लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**अथवा**

मोती लि. ने ₹ 10 प्रत्येक के 10,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । अंशों का निर्गमन ₹ 2 प्रति अंश के प्रीमियम पर करना था । राशि का भुगतान निम्न प्रकार देय था :

आवेदन पर ₹ 5 (प्रीमियम सहित)

आबंटन पर ₹ 4

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर ₹ 3

15,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 3,00,000 अंशों के लिए आवेदनों को निरस्त कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन किया गया । अतिरिक्त आवेदन राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । गिरी जिसने 24,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने आबंटन राशि तथा याचना राशि का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों को ज़ब्त कर लिया गया । ज़ब्त किए गए अंशों में से 10,000 अंशों को ₹ 8 प्रति अंश पूर्ण-प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया । मोती लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**16.** X, Y and Z were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31.3.2010 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Capital Accounts : | | | Building | 50,000 |
| X : | 75,000 | | Patents | 15,000 |
| Y : | 62,500 | | Machinery | 75,000 |
| Z : | 37,500 | 1,75,000 | Stock | 37,500 |
| Sundry Creditors | | 42,500 | Debtors | 20,000 |
| | | | Cash at Bank | 20,000 |
| | | 2,17,500 | | 2,17,500 |

Z died on 31.7.2010. It was agreed that :

(a) Goodwill be valued at $2\frac{1}{2}$ year's purchase of the average profits of the last four years, which were as follows :

| Years | Profits ₹ |
|---|---|
| 2006 – 2007 | 32,500 |
| 2007 – 2008 | 30,000 |
| 2008 – 2009 | 40,000 |
| 2009 – 2010 | 37,500 |

(b) Machinery be valued at ₹ 70,000; Patents at ₹ 20,000 and Building at ₹ 62,500.

(c) For the purpose of calculating Z's share of profits in the year of his death the profits in 2010 – 2011 should be taken to have been accrued on the same scale as in 2009 – 2010.

(d) A sum of ₹ 17,500 was paid immediately to the executors of Z and the balance was paid in four half yearly instalments together with interest at 12% p.a. starting from 31.1.2011.

Give necessary journal entries to record the above transactions and Z's executors' account till the payment of instalment due on 31.1.2011. 8

**OR**

Murari and Vohra were partners in a firm with capitals of ₹ 1,20,000 and ₹ 1,60,000 respectively. On 1.4.2010 they admitted Yadav as a partner for one-fourth share in profits on his payment of ₹ 2,00,000 as his capital and ₹ 90,000 for his one-fourth share of goodwill.

On that date the creditors of Murari and Vohra were ₹ 60,000 and Bank overdraft was ₹ 15,000. Their assets apart from cash included Stock ₹ 10,000; Debtors ₹ 40,000; Plant and Machinery ₹ 80,000; Land and Building ₹ 2,00,000. It was agreed that stock should be depreciated by ₹ 2,000; Plant and Machinery by 20%, ₹ 5,000 should be written off as bad debts and Land and Building should be appreciated by 25%.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of Murari, Vohra and Yadav and the Balance Sheet of the new firm.

एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म में साझेदार थे जो लाभ-हानि 5 : 3 : 2 के अनुपात में बाँटते थे। 31.3.2010 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | राशि ₹ | सम्पत्तियाँ | राशि ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी खाते : | | भवन | 50,000 |
| एक्स : 75,000 | | एकस्व (पेटेन्ट्स) | 15,000 |
| वाई : 62,500 | | मशीनरी | 75,000 |
| ज़ैड : 37,500 | 1,75,000 | स्टॉक | 37,500 |
| विविध लेनदार | 42,500 | देनदार | 20,000 |
| | | बैंक में रोकड़ | 20,000 |
| | 2,17,500 | | 2,17,500 |

31.7.2010 को ज़ैड का देहान्त हो गया । यह समझौता किया गया कि :

(क) ख्याति का मूल्य पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के $2\frac{1}{2}$ वर्षों के क्रय के बराबर किया गया जो कि निम्न प्रकार से था :

| वर्ष | लाभ ₹ |
|---|---|
| 2006 – 2007 | 32,500 |
| 2007 – 2008 | 30,000 |
| 2008 – 2009 | 40,000 |
| 2009 – 2010 | 37,500 |

(ख) मशीनरी का मूल्यांकन ₹ 70,000; एकस्व ₹ 20,000 तथा भवन ₹ 62,500 किया जाए ।

(ग) मृत्यु के वर्ष में लाभ में ज़ैड के अंश की गणना के लिए 2010 – 2011 वर्ष में लाभ 2009 – 2010 वर्ष में अर्जित लाभ के समान ही लगाया जाएगा ।

(घ) ज़ैड के निष्पादकों को ₹ 17,500 का तुरन्त भुगतान किया गया तथा शेष का भुगतान 31.1.2011 से शुरू करके चार बराबर अर्ध वार्षिक किश्तों में 12% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित किया जाएगा ।

उपर्युक्त लेनदेनों का लेखा करने के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा 31.1.2011 तक देय किश्त के भुगतान तक ज़ैड के निष्पादकों का खाता बनाइए ।

**अथवा**

मुरारी तथा वोहरा एक फर्म में साझेदार थे तथा उनकी पूँजियाँ क्रमशः ₹ 1,20,000 तथा ₹ 1,60,000 थीं । 1.4.2010 को उन्होंने लाभ में 1/4 भाग के लिए पूँजी के ₹ 2,00,000 तथा ख्याति में अपने 1/4 भाग के लिए ₹ 90,000 का भुगतान करने पर यादव को एक नया साझेदार बनाया ।

उस तिथि को मुरारी तथा वोहरा के लेनदार ₹ 60,000 के थे तथा बैंक अधिविकर्ष ₹ 15,000 था । रोकड़ को छोड़कर उनकी सम्पत्तियाँ निम्न थीं : स्टॉक ₹ 10,000; देनदार ₹ 40,000; संयंत्र तथा मशीनरी ₹ 80,000; भूमि तथा भवन ₹ 2,00,000. यह निर्णय लिया गया कि स्टॉक पर ₹ 2,000 का मूल्यह्रास लगाया जाए; संयंत्र तथा मशीनरी पर 20% का मूल्यह्रास लगाया जाए; ₹ 5,000 डूबत ऋण अपलिखित किए जाएँ और भूमि तथा भवन का मूल्य 25% बढ़ाया जाए ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, मुरारी, वोहरा तथा यादव के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण बनाइए ।

23. From the following Balance Sheets of Vikas Ltd. as on 31.3.2009 and 31.3.2010, prepare a Cash Flow Statement :

| Liabilities | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | Assets | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| Share Capital | 90,000 | 1,30,000 | Fixed Assets | 93,400 | 1,66,000 |
| General Reserve | 30,000 | 55,000 | Stock | 22,000 | 26,000 |
| Profit and Loss Account | 20,000 | 30,000 | Debtors | 36,000 | 39,000 |
| Trade Creditors | 17,400 | 22,000 | Cash | 4,000 | 5,000 |
| | | | Preliminary Expenses | 2,000 | 1,000 |
| | 1,57,400 | 2,37,000 | | 1,57,400 | 2,37,000 |

*Additional Information :*

(i) Depreciation charged on fixed assets for the year 2009 – 2010 was ₹ 20,000.

(ii) Income Tax ₹ 5,000 has been paid in advance during the year. *6*

31.3.2009 तथा 31.3.2010 को विकास लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइए :

| देयताएँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ | सम्पत्तियाँ | 31.3.2009 ₹ | 31.3.2010 ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| अंश पूँजी | 90,000 | 1,30,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 93,400 | 1,66,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | 55,000 | स्टॉक | 22,000 | 26,000 |
| लाभ-हानि खाता | 20,000 | 30,000 | देनदार | 36,000 | 39,000 |
| व्यापारिक लेनदार | 17,400 | 22,000 | रोकड़ | 4,000 | 5,000 |
| | | | आरम्भिक व्यय | 2,000 | 1,000 |
| | 1,57,400 | 2,37,000 | | 1,57,400 | 2,37,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) वर्ष 2009 – 2010 के लिए स्थायी सम्पत्तियों पर मूल्यह्रास ₹ 20,000 लगाया गया था ।

(ii) आय कर का वर्ष में अग्रिम भुगतान ₹ 5,000 किया जा चुका है ।

## PART C
## (Computerised Accounting)
## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

17. What are Sequential codes ? *1*
आनुक्रमिक नियमावलियाँ क्या हैं ?

18. What is Normalisation ? *1*
सामान्यीकरण क्या है ?

19. What is the function of 'Table' in DBMS ? *2*
डी.बी.एम.एस. में 'सारणी' का क्या कार्य है ?

20. What is a join line in DBMS ? *3*
डी.बी.एम.एस. में जोड़ रेखा किसे कहते हैं ?

21. Why in DBMS do we seek to split formation into different tables rather than a single table ? *3*
डी.बी.एम.एस. में हम बनावटों को एक सारणी की अपेक्षा विभिन्न सारणियों में विखण्डित क्यों करते हैं ?

22. What are the advantages of Computerised Accounting System ? *4*
अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली के क्या लाभ हैं ?

23. Calculate the formula on Excel for the following : *3×2=6*

**Dearness Allowance**

45% on basic pay upto ₹ 15,000, minimum ₹ 6,000

35% on basic pay above ₹ 15,000, minimum ₹ 7,500

**House Rent Allowance**

| | | |
|---|---|---|
| Upto basic pay of ₹ 10,000 | : | ₹ 4,000 |
| ₹ 10,001 – ₹ 15,000 basic pay | : | ₹ 8,000 |
| Above ₹ 15,000 basic pay | : | ₹ 10,000 |

**City Compensatory Allowance :**

10% of basic pay subject to a minimum of ₹ 1,500

निम्नलिखित के लिए एक्सेल पर फॉर्मूले की गणना कीजिए :

**महँगाई भत्ता**

₹ 15,000 तक के मूल वेतन पर 45%, न्यूनतम ₹ 6,000

₹ 15,000 से अधिक के मूल वेतन पर 35%, न्यूनतम ₹ 7,500

**मकान किराया भत्ता**

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 10,000 तक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 4,000 |
| ₹ 10,001 – ₹ 15,000 तक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 8,000 |
| ₹ 15,000 से अधिक के मूल वेतन के लिए | : | ₹ 10,000 |

**नगर क्षतिपूर्ति भत्ता :**

मूल वेतन का 10%, न्यूनतम ₹ 1,500